# शहीद हेमराज मीणा राजकीय महाविद्यालय सांगोद

## गृह विज्ञान विभाग की सात दिवसीय प्रायोगिक कार्यशाला व प्रदर्शनी का आयोजन

शहीद हेमराज मीणा राजकीय महाविद्यालय सांगोद के गृह विज्ञान विभाग द्वारा सात दिवसीय कार्यशाला (दिनांक 28.02.2024 से दिनांक 06.03.2024) तथा कार्यशाला के समापन पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण छात्र–छात्राओं को महाविद्यालय सें नियमित रूप से जोड़ना तथा निरंतरता बनाये रखना रहा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को कौशल विकास हेतु वेस्ट मेनेजमेंट, पाक कला तथा पारंपरिक कलाओं को पुर्नजीवित करने का प्रशिक्षण दिया गया जो कि भविष्य में किसी भी विद्यार्थी के लिए अर्थ अर्जन के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकें। नवाचार के इस प्रयास में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतिदिन विद्यार्थियों को अलग–अलग विधाओं का प्रशिक्षण जैसे प्रथम दो दिवस वेस्ट मेनेजमेंट, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, आगामी दो दिवस दिवार सज्जा, पुष्प निर्माण कला और अंतिम दो दिवस विभिन्न स्वास्थ्यवर्धक व्यंजनों को बनाना सिखाया गया। कार्यशाला के समापन हेतु सातवें दिन प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रविकांत जी यादव शाखा प्रबंधक स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया सांगोद द्वारा कार्यशाला के समापन पर आयोजित प्रदर्शनी का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संवाददाता रवि जी राठौर तथा अतिथि चन्द्रप्रकाश मेहता एवं सुरेन्द्र गौड रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अनिता वर्मा ने की तथा आगन्तुकों का पुष्प गुच्छ व शॉल भेंटकर स्वागत किया गया। सभी अतिथियों द्वारा विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया गया तथा उत्साहवर्धन के साथ–साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी गई जो हस्तकला के क्षेत्र में आर्थिक सहायता प्रदान करती है। कार्यशाला प्रभारी डॉ. करणजीत कौर ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि सात दिवसीय कार्यशाला में छात्राओं के साथ–साथ छात्रों ने भी रूचि दिखाई।

**प्रथम व द्वितीय दिवस–**





**विद्यार्थी अनुपयोगी वस्तुओं द्वारा उपयोगी वस्तु निर्माण करते हुए**







विद्यार्थी दीवार सज्जा करते हुए




विद्यार्थीयों द्वारा मांडना कला का प्रदर्शन

तृतीय व चतुर्थ दिवस–







विद्यार्थी एलोवेरा जेल द्वारा व्यंजन बनाते हुए

विद्यार्थी रागी द्वारा केक व बिस्कुट बनाते हुए

पंचम व छष्टम् दिवस–





गृह विज्ञान प्रयोगशाला में ड्राफ्टिंग, कटिंग व सिलाई का प्रशिक्षण

सप्तम् दिवस– प्रदर्शनी







दिनांक 06.03.2024 को प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह






अतिथि प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए






# विभिन्न समाचार पत्रों में गृह विज्ञान विभाग की सात दिवसीय कार्यशाला का प्रकाशन

दैनिक नवज्योति Hadoti - 29 Feb 2024 - Page

## कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला शुरू



**न्यूज सर्विस/नवज्योति, सांगोद।** शहीद हेमराज मीणा राजकीय महाविद्यालय सांगोद में बुधवार को गृह विभाग की ओर से सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. अनीता वर्मा द्वारा किया गया।

इससे पूर्व विभाग प्रभारी डॉ. करणजीत कौर ने सात दिवसीय कार्यशाला की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि कार्यशाला 28 फरवरी से 5 मार्च तक चलेगी। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा की समस्त छात्र छात्राएं अपने प्रतिभा, कौशल से गृह विज्ञान में दिए गए पाठ्यक्रम के अनुसार वस्तुएं बनाना, खाद्य सामग्री और पोषक तत्वों की जानकारी के अनुसार लाभान्वित हो, जो आपके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करेगा। महाविद्यालय के नन्द सिंह, फिरोज अली, महेश गौड़ आदि मौजूद रहे।

विभाग प्रभारी डॉ. करणजीत कौर ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रथम 2 दिन अनुपयोगी व बेकार, वेस्ट वस्तुओं से उपयोगी वस्तुओं को बनाने का कार्य किया जाएगा। इसके बाद दीवार सज्जा, पुष्प निर्माण, मांडना कला, रंगोली, मकान का प्रारूप आदि पर कार्यशाला में उपयोगी सुझाव के साथ मांडने और दीवार सज्जा की जाएगी। प्रायोगिक परीक्षा में सिलाई कला के अंतर्गत कपड़ों की कटिंग व सिलाई सिखाई जाएगी। अंतिम दो दिवस में प्रायोगिक कार्य के अंतर्गत छात्राओं से पाठ्यक्रम में निर्धारित खाद्य सामग्री बनाई जाएगी। इसमें विशेष कर आचार, मुरब्बा, आइसक्रीम आदि बनाने की प्रक्रिया छात्रों को बताई जाएगी, जिससे कौशल और रुचि का विकास होगा।

दैनिक नवज्योति
Hadoti - 04 Mar 2024 - Page 2

## महाविद्यालय के छात्रों को रीसाइकलिंग की दी जानकारी



**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, सांगोद।** शहीद हेमराज मीणा राजकीय महाविद्यालय सांगोद में चले रहे साप्ताहिक गृह विज्ञान प्रायोगिक कार्यशाला के तीसरे व चौथे दिन विद्यार्थियों को वस्त्र निर्माण के लिए ड्राफ्टिंग व वस्त्र कटाई, सिलाई की बारीकियों से अवगत करवाया गया। कार्यशाला प्रभारी डॉ. करणजीत कौर ने अनुपयोगी वस्तुओं को रिसाइकल( पुनःचक्रण ) करके पुनः उपयोगी वस्तुओं के निर्माण का महत्व बताते हुए कहा कि रिसाइकलिंग पर्यावरण हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अनुपयोगी वस्तुओं के स्वच्छ निस्तारण में रिड्यूस रीयूज तथा रीसाइकलिंग चक्र पर्यावरण हित में बहुउपयोगी है।

दैनिक नवज्योति
Hadoti - 07 Mar 2024 - Page 5

## सांगोद कॉलेज में प्रदर्शनी कार्यशाला का समापन

**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, सांगोद।** शहीद हेमराज मीणा राजकीय महाविद्यालय में 28 फरवरी से जारी गृह विज्ञान प्रायोगिक कार्यशाला के समापन पर बुधवार को कार्यशाला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अनीता वर्मा ने की। मुख्य अतिथि रविकांत यादव ने उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि रवि राठौर जबकि अतिथि चंद्र प्रकाश मेहता व सुरेंद्र गौड़ रहे। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. करणजीत कौर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि सात दिवसीय कार्यशाला में छात्राओं के साथ छात्रों ने भी रूचि दिखाई। जिसमें खुशबू जोशी, अंबिका, खुशी जोशी, चंचल कंवर, रितुल राठौर, रवीना कुशवाहा, हर्षवर्धन सोनी, निशांत, राघव शर्मा, निश्चय चौरसिया का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इसके साथ ही संपूर्ण महाविद्यालय स्टाफ में प्रत्येक सदस्य ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से हर संभव सहायता प्रदान की। छात्रों द्वारा कलाकारी में लकड़ी के बुरादे से रंगोली प्रदर्शनी में पारंपरिक कलाओं जैसे मांडना के साथ-साथ आधुनिक समय में बेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत फोटो फ्रेम, फुटमेट, स्टोन आर्ट आदि के पुराने कार्डों को रीसाइकिल किया गया। मनोज कुमार सिंघल, नन्द सिंह, फिरोज अली, महेश गौड़ व सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



दैनिक भास्कर 2024-03-06
सांगोद-इटावा-सुल्तानपुर (2)

## कॉलेज में कार्यशाला के समापन पर आज प्रदर्शनी लगेगी

**सांगोद.** शहीद हेमराज मीणा राजकीय महाविद्यालय सांगोद में चल रही साप्ताहिक गृह विज्ञान प्रायोगिक कार्यशाला के अंतिम दिन मंगलवार को गृह विज्ञान विषय के विद्यार्थियों ने एलोवेरा जेजल से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाना सीखा। साथ ही विभागाध्यक्ष डॉ. करणजीत कौर ने बताया कि एलोवेरा को यदि हम प्रतिदिन के भोजन में सम्मिलित कर लें तो कई प्रकार की बीमारियों से निजात मिल सकती है। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय में दीवार सज्जा तथा मांडना कला का प्रदर्शन किया। प्राचार्य अनीता वर्मा ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशाला से छात्राओं को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है। प्राचार्य ने बताया कि 6 मार्च को कार्यशाला के समापन पर छात्र-छात्राओं की ओर से बनाए गए हैंडीक्राफ्ट की प्रदर्शनी लग जाएगी। प्रदर्शनी के अवलोकन समय 11 बजे से दोपहर 2 ब तक रहेगा।



जाति महेश्वरी निवासी अकलेरा दिनांकः-31.03.2001 को 18477 ... गया था।
श्री बशीधर पिता जमनलाल जाति महेश्वरी निवासी अकलेरा कि मृत्यु हो जाने के कारण ...
श्रीमति मुकलेश पत्नी रमेश गोचर निवासी मानपुरा तह0 खानपुर जिला झालावाड ...

सच्ची बात, बेधड़क
दैनिक भास्कर

दैनिक नवज्योति
Hadoti - 07 Mar 2024 - Page 5

# सांगोद कॉलेज में प्रदर्शनी कार्यशाला का समापन

**न्यूज सर्विस/ नवज्योति, सांगोद।**

शहीद हेमराज मीणा राजकीय महाविद्यालय में 28 फरवरी से जारी गृह विज्ञान प्रायोगिक कार्यशाला के समापन पर बुधवार को कार्यशाला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. अनीता वर्मा ने की। मुख्य अतिथि रविकांत यादव ने उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि रवि राठौर जबकि अतिथि चंद्र प्रकाश मेहता व सुरेंद्र गौड़ रहे। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न कलाकृतियों का अवलोकन किया गया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. करणजीत कौर द्वारा धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बताया कि सात दिवसीय कार्यशाला में छात्राओं के साथ छात्रों ने भी रूचि दिखाई। जिसमें खुशबू जोशी, अंबिका, खुशी जोशी, चंचल कंवर, रितुल राठौर, रवीना कुशवाहा, हर्षवर्धन सोनी, निशांत, राघव शर्मा, निश्चय चौरसिया का प्रदर्शन सराहनीय रहा। इसके साथ ही संपूर्ण महाविद्यालय स्टाफ में प्रत्येक सदस्य ने प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से हर संभव सहायता प्रदान की। छात्रों द्वारा कलाकारी में लकड़ी के बुरादे से रंगोली प्रदर्शनी में पारंपरिक कलाओं जैसे मांडना के साथ-साथ आधुनिक समय में बेस्ट मैनेजमेंट के अंतर्गत फोटो फ्रेम, फुटमेट, स्टोन आर्ट आदि के पुराने कार्डों को रीसाइकिल किया गया। मनोज कुमार सिंघल, नन्द सिंह, फिरोज अली, महेश गौड़ व सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



डॉ. करणजीत कौर
कार्यशाला प्रभारी

(प्रो. अनिता वर्मा)
प्राचार्य
शहीद हेमराज मीणा
राजकीय महाविद्यालय सांगोद